मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई-अगस्त, 2007 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 18 जुलाई, 2007 (आषाढ़ 27, 1929)

समय 10.30 बजे दिन

1. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 26-शिवपुरी से उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य, श्री बीरेन्द्र रघुवंशी शपथ लेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे.

2. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री चन्द्रशेखर, भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री,
(2) श्री प्रकाश सोनकर, राज्य मंत्री, मध्यप्रदेश शासन
(3) श्री दिलीप भटेरे, सदस्य विधान सभा,
(4) श्री साहिब सिंह वर्मा, दिल्ली के भूतपूर्व मुख्यमंत्री,
(5) श्री चंद्रजीत यादव, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(6) श्री नरबदा प्रसाद श्रीवास्तव, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(7) श्री खलक सिंह नंदवंशी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(8) श्री अनन्दीलाल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(9) श्री हीरालाल सिलावट, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(10) श्री दीवान चन्द्रभान सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा; तथा
(11) श्री हीराराम वर्मा, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.

3. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

4. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित अध्यादेशों को पटल पर रखेंगे :-

(1) न्यायालय फीस (मध्यप्रदेश द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2007 (क्रमांक 3 सन् 2007),
(2) मध्यप्रदेश निजी व्यावसायिक शिक्षण संस्था (प्रवेश का विनियमन एवं शुल्क का निर्धारण) अध्यादेश, 2007 (क्रमांक 4 सन् 2007); तथा
(3) मध्यप्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर (संशोधन) अध्यादेश, 2007 (क्रमांक 5 सन् 2007).

5. फरवरी-अप्रैल, 2007 सत्र निर्धारित अवधि से पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांकों के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

6. नियम 267-क के अधीन फरवरी-अप्रैल, 2007 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

7. राष्ट्रपति/राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

8. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री आरिफ अकील, रामनिवास रावत, सदस्य, भोपाल जिले के पिपिलाई थाना अंतर्गत डकैतों द्वारा एक परिवार को घायल कर लूट-पाट किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. आई.एम.पी. वर्मा, सदस्य, रीवा जिले के वन क्षेत्रों में खनिज का अवैध उत्खनन होने की ओर राज्य मंत्री खनिज साधन का ध्यान आकर्षित करेंगे.

9. सभापति तालिका की घोषणा

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 17 जुलाई, 2007